मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक128 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 24 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार

पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सरस्वती शिशु मंदिर "पूर्व छात्र स मेलन संपन्न"

विद्यालय की उत्कृष्टता बनाये रखने लिया संकल्प, साझा किए शिक्षा काल के अनुभव

सिवनी यशो:- विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के पूर्व छात्रो का स मेलन नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर 23 जनवरी 2024 को विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। उपरोक्त पूर्व छात्र स मेलन की अध्यक्षता विद्यालय के द्वितीय बैच के छात्र डॉ आशुतोष गौर ने की। मु य अतिथि विनीत जी अग्रवाल(रजवाड़ा लॉन), जिला सचिव विद्याभारती सिवनी रहे। जबकि विशिष्ट आतिथ्य रवि जी अग्रवाल,अतुल जी मोदी(सुभाष विचार मंच) रहे। आयोजन में विद्यालय के लगभग 300 से अधिक पूर्व छात्र सहभागी हुए।

उपरोक्त पूर्व छात्र स मेलन की प्रस्तावना विद्यालय के पूर्व छात्र एवं विवेकानंद बाल कल्याण समिति के वर्तमान उपाध्यक्ष श्री नृपेश जी ठाकुर नेरखी। स्वागत भाषण आपके विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव जी ने दिया। कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण, उद्देश्य, पूर्व छात्रों का महत्व, भविष्य में विद्यालय विकास में भूतपूर्व छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका, आदि विषयों पर विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान व्यवस्थापक नितिन चौधरी ने प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व छात्रों को विद्यालय की रीढ़ निरूपित करते हुए, उनसे विद्यालय विकास में सक्रिय योगदान की अपेक्षा की। इस स मेलन उपस्थित अनेक पूर्व छात्रों ने विद्यालय से जुड़े अपने भावनात्मक अनुभवों को साझा किया। संस्मरण को साझा करने वालो में अतुल श्रीवास्त्री, भावना कुलहाडे, प्रज्ञा सिंघई, जिला बजरंग दल प्रमुख माधव दुबे आदि प्रमुख थे। इन पूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों में अपने जीवन के निर्माण सिवनी सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका को सराहते हुए, शिशु मंदिर को संस्कारों की पाठशाला बताया। विद्यालय के पूर्व छात्र -नागपुर में कार्यरत शैलेन्द्र अग्रवाल द्वारा संस्था प्राचार्य को कार्यालयीन कार्य हेतु लेपटॉप प्रदान किया गया। इसके साथ अनेक पूर्व छात्रों ने विद्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की। जिसमें केशव दुबे 51000/-, यश चंदेल 51000/- , विशाल अग्रवाल 51000/-, रवि अग्रवाल 51000/-, अतुल श्रीवास्त्री 21000/-, सिद्धार्थ राय 21000/- इसके साथ अनेक पूर्व छात्रों विद्यालय विकास हेतु तन-मन-धन से सहयोग का वादा किया। अमेरिका में टाटा कंपनी में कार्यरत कंपनी के कंट्री हेड विद्यालय के पूर्व छात्र अखिलेश जी द्वारा विद्यालय के लिए 1,00,000/- रूपये प्रदान करने का संदेश मान. व्यवस्थापक महोदय को मोबाइल पर प्रदान किया। उपरोक्त पूर्व छात्र स मेलन का संचालन संस्था पूर्व छात्र एवं संस्था के व्यवस्थापक नितिन चौधरी ने किया। स मेलन की सफलता में समस्त आचार्य परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में जिला सचिव विनीत अग्रवाल(पूर्व छात्र) के आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रमोद शर्मा का निधन पत्रकार जगत की अपूर्णीय क्षति - भाजपा

प्रमोद शर्मा के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहन शोक संवेदनाएँ व्यक्त की

सिवनी यशो:- जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक दलसागर समाचार पत्र के संपादक व संस्थापक प्रमोद शर्मा प्रखर का निधन जिले के पत्रकार जगत में एक बड़ी और अपूर्णनीय क्षति है। उनका निधन स्तब्ध एवं शोकाकुल कर देने वाला है ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे व उनके शोकाकुल परिजनों, मित्रों व शुभचिंतकों को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति व सामर्थ्य दे यही हम सब की ईश्वर से प्रार्थना है। इस आशय का शोकसंदेश भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे द्वारा स्वर्गीय प्रमोद शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वयं एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जारी किया गया।

श्री दुबे ने कहा कि प्रमोद शर्मा कलम के धनी होने के साथ ही मिलनसार स्वभाव तथा सदैव प्रसन्नचित रहने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने साधारण रूप से पत्रकारिता प्रारंभ करते हुए अपने अथक परिश्रम से स्वयं का समाचार पत्र निकालने के साथ ही उसे एक बड़े प्रतिष्ठान के रूप में स्थापित करने में सफलता पाई। स्व श्री शर्मा सांस्कृतिक, धार्मिक, साहित्यिक, खेलकूद सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनमें निष्पक्षता एवं सबको साथ लेने का अद्भुत गुण भी था उनका निधन हम सभी को शोकाकुल कर गया है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल एवं सह मिडिया प्रभारी श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी ने श्री शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, कि श्री प्रमोद शर्मा उनके निकटतम मित्रों व हितचिंतकों में रहे हैं। वे प्रतिभाशाली पत्रकार थे। उन्होंने सदैव छोटी से छोटी गलतियों को सुधारने के साथ ही अपनी बात को प्रभावी रूप से रखने के लिए मार्गदर्शन दिया है। उनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

आज प्रमोद शर्मा के अंतिम संस्कार के दौरान मोक्षधाम मे भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल,प्रेम तिवारी जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल,ज्ञानचंद सनोडिया, लालू राय, राजेश त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, किशोर सोनी युवराज सिंह राहंगडाले, नरेन्द्र ठाकूर, अभिषेक दुबे, संजय पप्पू सोनी, संजय खंडाईत, राजू यादव, ओमप्रकाश तिवारी, आशीष मानठाकुर, कपिल पांडे, निरंजन मिश्रा, शिव सनोडिया सहित बड़ी सं या में कार्यकर्तागणों ने उपस्थित रहकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अयोध्या में स्थापित मूर्ति ने पलके झपकाई ? वीडियो वायरल

सिवनी यशो:- पावन पवित्र नगरी ` या आपने रामलला की मूर्ति की

अयोध्या प्रभु श्रीराम की भव्य दिव्य और नव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गयी इस प्राण प्रतिष्ठा को देखने के पूरा देश ही नहीं विदेशों में सनातन धर्मी सीधा प्रसारण देख रहे थे परंतु भगवान राम के बाल विग्रह रूप ने कब अपनी आँखे झपकाई और कब अपना मनमोहक रूप दिखाया यह किसी ने नहीं देखा परंतु इस मनमोहक दृश्य का वीडियो कैमरे में कैद है और तेजी से वायरल हो रहा है । ऐ म एकाउंट में वीडियो को पोस्ट किया गया है ।

भगवान राम की मनमोहक मूर्ति का पलक झपकाने वाला वीडियो जिसने भी देखा वह देखता ही रह गया और इसे भगवान का चमत्कार माना जा रहा है । 'प्राण प्रतिष्ठा' के उत्सव में जश्न मानते रामभक्त इतने अधिक तल्लीन थे कि वे प्रभु के पलक झपकाने वाले चमत्कारी स्वरूप की ओर अपना ध्यान नहीं दे पाये । 'आंखें झपकाते' हुए मनमोहक दृश्य देखा है? आप सोच रहे होंगे ऐसा कब हुआ

पलक झपकाने और मनमोहक हाव भाव वाला वीडियो जो देख रहा है वह विश्वास नहीं कर पा रहा है कि भगवान अपना इस प्रकार चमत्कारी स्वरूप भी दिखायेंगे। भगवान प्रभु राम का जीवंत रूप में प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो को देखने के बाद लोगों की आंखें केवल खुली की खुली रह गई,यह प्रभु के ऐसे स्वरूप का दर्शन कर वीडियो देखने वाले भाव विभोर हो रहे है । यह वीडियो जादुई और प्रामाणिक लग रहा है. हालांकि यह वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) का उपयोग करके बनाया गया है । जो दर्शक इस प्रकार की वीडियो बनाने की इस कला के बारे में नहीं जानते वे इसे चमत्कार मान रहे है । ऐ स एकाउंट पर इसके संबंध में अनेक तरह के कामेंट हो रहे है ।

वीडियो देखने के लिये बेवसाइडपर सर्च करे https://dainikyashonnati.com

धान खरीदी केन्द्र से अवैध वसूली की मांग करते नेता जी का आडियो हुआ वायरल

सिवनी यशो:- कान्हीवाड़ा धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी जगदीश डहेरिया को एक राजनैतिक व्यक्ति अपनी दो सौ क्विंटल धान पुराने तिथि में खरीदने का दबाव बना रहा है । जबकि उक्त राजनैतिक व्यक्ति द्वारा धान खरीदी केन्द्र में अंतिम दिन तक धान नहीं भेजी गयी है यहाँ बता दें कि धान खरीदी की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है और बताय यह भी जा रहा है कि जिस व्यक्ति के नाम पर धान खरीदी दर्शाने का दबाव बनाया जा रहा है उस व्यक्ति की जमीन भी नही है केवल फर्जी तरीके से उसकी धान दर्शाकर उसके नाम का भुगतान प्राप्त करने का दबाव है । उक्त राजनैतिक व्यक्ति अपने खाते में बिना धान दिये दर्ज करने का दबाव देरहा है । इस पूरे प्रकरण का आडियो रिकार्ड भी किया गया । प्राप्त आडियों में राजनैतिक व्यक्ति खरीदी केन्द्र प्रभारी डहेरिया जी से कह रहा है कि उनकी धान खरीद

ली गयी है इस प्रकार की जानकारी खरीदी के पोर्टल में शो कर दे तो दूसरी ओर से खरीदी केन्द्र के डहेरिया का कहना है कि वह ऐसा कैसे कर सकते है धान दो लाख की होती है और दो सौ क्विंटल धान का स्टाक वह कहाँ से दिखायें, खरीदी केन्द्र का प्रभारी कह रहा है कि अभी तक तो आपकी धान आयी नहीं है और हमारे केन्द्र की जाँच भी चल रही है वह ऐसा नहीं कर सकते तो दूसरी ओर से बोल रहे राजनैतिक व्यक्ति द्वारा डहेरिया को धमकी दी जा रही है कि तु हारा विधायक जीत गया तो तुम सबके भाव बढ़ गये है । धान की खरीदी शो कर दो नहीं तो तु हारी स पत्ति की जाँच करवा दूंगा ।

जो आडियों प्राप्त हुआ है उसमें किसी तीसरे नेता की आवाज भी है जो डहेरिया पर दबाव बना रहे है । जबकि खरीदी कार्य में लगे हुये डहेरिया का कहना है कि आपकी धान खरीदी केन्द्र पर आयी नहीं और आप भेज नहीं रहे तो फर्जी तरीके से कैसे खरीदी शो कर दें । जो आडियो प्राप्त हुआ है उसके अनुसार राजनैतिक व्यक्ति बिना धान दिये दो सौ क्विंटल धान का भुगतान लेना चाहते है और आडियों में की गयी बाते स्पष्ट कर रही है कि धान खरीदी कार्य में लगे व्यक्ति से दो सौ क्विंटल धान की राशि अवैध रूप से मांगी जा रही है ।

प्राप्त आडियो रिकार्डिंग में कितनी सच्चाई है यह जाँच का विषय हो सकता और दैनिक यशोन्नति इस प्रकार के आडियों की पुष्टि नहीं करता परंतु रिकार्डिंग के आधार पर कहा जा सकता है कि धान खरीदी केन्द्रों में भारी गड़बड़ हो रही है और यहाँ से राजनैतिक प्रभुता प्राप्त व्यक्ति मोटी रकम वसूल रहे है ।

धान खरीदी केन्द्रो में गड़बड़ी भी बड़े स्तर हो रही है और फर्जी तरीके धान का स्टाक भी दर्शाया जा रहा है । धान खरीदी के नाम पर शासकीय धन की लूट मची हुई है । वहीं वास्तविक किसानों की उपज खरीदी नहीं जा रही है वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मु यमंत्री मोहन यादव यह कहते नहीं थक रहे है कि किसानों को उनकी उपज के एक एक दाने की कीमत मिलेगी किसानों का ते पता नहीं परंतु किसानों के नाम पर जो लूट हो रही है वह स्पष्ट रूप से जारी आडियो के माध्यम से सार्वजनिक हो रहा है ।

धान खरीदी के नोडल अधिकारी और सक्षम एजेंसियाँ इस प्रकार की गड़बडियों पर कितनी सक्षमता से कार्यवाही करती है यह भविष्य की गर्त में है परंतु जारी आडियो धान खरीदी केन्द्रो की पोल खोलने के काफी है ।

विधायक दिनेश राय मुनमुन स्वयं आटो चलाकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे

आटो संघ ने मनायी सुभाष जयंती, विधायक ने किया मु य आतिथ्य

सिवनी यशो:- मंगलवार 23 जनवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन आटो चला कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। आज विधायक श्री राय अपने बारापत्थर स्थित निवास से स्वयं आटो चलाकर कार्यक्रम स्थल राशि लान पहुंचे। जहां पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जिला आटो संघ सिवनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मु य अतिथि के रुप मे शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ मे विधायक श्री राय ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं जय हिन्द का नारा बुलंद करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सादर नमन् किया। इसके पश्चात संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा श्री राय का शाल, श्रीफल भेंटकर फूल मालाओं, से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री राय ने कार्यक्रम मे उपस्थितों को संबोधित किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं आटो चालक बंधुओं की उपस्थित थी। इसके अलावा विधायक श्री राय गत दिवस नगर के शुक्रवारी चौक मे अयोध्या मे भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित रामायण के केवट प्रसंग नाटक मंचन एवं धार्मिक संगीत कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी सं या मे श्रद्धलुगणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

बीज निगम की प्रस्तावित भूमि पर न्यायालय का निर्माण असुविधाजनक होगा - अधिवक्ता संघ

अधिवक्ता संघ ने कहा जनता अधिवक्ताओ की मांग का करें खुलकर समर्थन

सिवनी यशो:-जिला अधिवक्ता संघ सिवनी न्यायालय स्थानांतरण के स बंध में आप सभी सिवनी नगर वासियों , विभिन्न सामाजिक संस्थाये, विभिन्न राजनैतिक दलों से एवं आम जन मानस से निवेदन करती है कि श्रीमान तहसीलदार महोदय सिवनी के न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरण क्रमांक - 0042/अ-20(अ)/2023-24 ग्राम सिवनी रैयत के प्रकाशित इश्तहार "नवीन न्यायालय भवन निर्माण शासकीय भूमि बीज निगम नागपुर रोड स्थित" के स बंध में अपना जन समर्थन एवं आपत्ति श्रीमान तहसीलदार सिवनी के न्यायालय में दिनांक 25/01/2024 उपस्थित होकर अपनी अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे ।

उक्त इश्तहार में श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय सिवनी व्दारा नवीन न्यायालय भवन निर्माण हेतु सिवनी रैयत राजस्व निरीक्षक मण्डल भाग 2 तहसील एवं जिला सिवनी मध्यप्रदेश स्थित भूमि खसरा न बर 108/1, 109/1/2, 111/1, 112/1/2 रकबा भूमि 3.00 हे टेयर शासकीय भूमि (बीज निगम नागपुर रोड़) की मांग की गई है । मांग की गई भूमि आम जनता हेतु सुविधा जनक नही है भूमि पर नवीन सिविल न्यायालय भवन बनाये जाने पर आम जनता को वहां अपने कार्यो को करवाने एवं पेशी तारीखों में पहुँचने के लिए अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा । न्यायालय वर्तमान स्थान से अन्य जगह स्थानांतरित किया जा रहा है । जिसमें न्यायालय आने जाने वाले आम जनता को अतिरिक्त समय व आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेग । जिला अधिवक्ता संघ सिवनी आप सभी जनमानस, पक्षकरो से निवेदन करत है कि वह लड़ाई केवल अधिवक्ता की नही है वह लड़ाई आम जनता के हितों की है जिसमे आप सभी को आगे आकर इस अपनी आपत्ति दर्ज करवानी होगी । आपको अपनी अपनी आपत्तिया प्रस्तुत करने में जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के पदाधिकारी हर संभव मदद करेंगे ।

आम जनता को होगी परेशानी

ADVOCATE

लोकनायक श्रीराम : श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास के अनुभव

उडती हुई धूल के साथ आती विशाल सेना को देखकर, लक्ष्मण को लगा कि भरत हम पर आक्रमण करने आ रहे हैं. किंतु श्रीराम ने उन्हें समझाया, कि भरत हमसे युध्द करने आ ही नही सकते. भरत, श्रीराम से मिलकर अत्यधिक भावविभोर हैं. पर्णकुटी मे जानकी और लक्ष्मण के साथ श्रीराम का निवास देखकर वे अत्यंत दुःखी होते हैं. श्रीराम से, वापस अयोध्या चलने का आग्रह करते हैं. श्रीराम भरत को पुनः समझाते हैं. जब उन्हें पता चलता है कि पिता, राजा दशरथ, हमे छोड़कर चले गए, तो वे अत्यंत दुःखी होकर विलाप करते हैं.

अपने पिता के लिये जलांजलि दान, पिंडदान आदि क्रियाकर्म कर के, श्रीराम, अपने पिता के सभी अंत्यसंस्कार पूर्ण करते हैं.

भरत, श्रीराम को अयोध्या चलने के लिये तथा राज्य ग्रहण करने के लिए बारंबार आग्रह कर रहे है, और श्रीराम, बार-बार भरत को समझा रहे हैं. श्रीराम कहते हैं, ÷सभी संग्रहों का अंत विनाश हैं. लौकिक उन्नतियों का अंत पतन हैं. संयोग का अंत वियोग हैं और जीवन का मृत्य हैं÷

सर्वे क्षयान्ताः निचयाः पतनान्ता समुच्छ्रयाः।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम् ॥16॥
(अयोध्या कांड / एक सौ पाचवां सर्ग)

"अतः राजा दशरथ के मृत्यु का शोक न करते हुए, राज्य चलने पर ध्यान देना उचित रहेगा."इस प्रकार से विभिन्न तर्कों के साथ, समझा बूझाकर, श्रीराम, भरत को अयोध्या जाने के लिए कहते हैं. भरत उनसे एक ही मांग करते हैं - श्रीराम की खड़ाऊं. श्रीराम की चरण पादुका.

भरत कहते हैं, "आपकी इन चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर मैं राजकाज करूंगा. यह राज्य आपका है. चौदह वर्षों के वनवास के पश्चात, वापस आकर, आप अपने इस राज्य को पुनः ग्रहण करें."

कोशल जनपद वापस जाकर, उन चरण पादुकाओं को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर, भरत उन चरण पादुकाओं का राज्याभिषेक करते हैं, और श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप में राज्य का कार्य देखना प्रारंभ करते हैं.

इधर चित्रकूट में...

भरत के जाने के बाद, चित्रकूट में श्रीराम देखते हैं कि वहां के तपस्वी चिंतित हैं, उद्विग्न है, कष्ट में है. कुछ एक तो चित्रकूट छोड़कर भी जा चुके हैं. श्रीराम के पूछने पर ऋषि उन्हें बताते हैं कि, %यहां पर दानवों का बड़ा ही आतंक है. इस आतंक का सूत्रधार रावण है.

इस क्षेत्र में, वनप्रांत में, रावण का छोटा भाई "खर" यह आतंक का पर्याय बन चुका है. विशेषतः आपके यहां आने के बाद, खर और उसके सहयोगी राक्षस, हमें पीड़ित कर रहे हैं. यज्ञ - याग प्रारंभ होते ही, वे यज्ञकुंड में पानी का छिड़काव करते हैं. हवन सामग्री को फेंक देते हैं.



रावणावरजः कक्षित् खरो नामेह राक्षसः।
ऊत्पाट्य तापसान्सर्वाञ्जनस्थाननिकेतनान् ॥11॥
(अयोध्या कांड / एक सौ सोलहवां सर्ग)

इस पीड़ा से बचने के लिए ऋषि-मुनियों का वह समूह आश्रम छोड़कर जा रहा है. श्रीराम सोचते हैं कि इस दानवी शक्ति से कैसा निपटा जाए. ` योंकि अब ऋषि-मुनियों का वास इस क्षेत्र में नहीं है, तो खर और उसके सहयोगी दानवों की टोली यहां आतंक मचाने नहीं आएगी, यह तय है. अतः स्वयं श्रीराम भी, जानकी और लक्ष्मण के साथ उस आश्रम को छोड़, आगे प्रवास पर निकलने की योजना बनाते हैं.

वहां से वे अत्रि ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं. वे तीनों, अत्रि ऋषि और सती अनसूया के आशीर्वाद लेते हैं. माता अनसूया, सीता का सत्कार करती है. कुछ समय वहां बिताने के पश्चात, वे ऋषिगणों से अगे की यात्रा हेतु अनुमति मांगते हैं. ऋषिगण उन्हें बताते हैं कि %इस वन के मार्ग में खूखार और ` रूर दानवों का आतंक है. अतः आप दोनों बंधु उन दुष्टत्मा दानवों को यहां से मार भगाइए.%

श्रीराम सोचने के लिए विवश है. अयोध्या के बाहर वे जहां भी गए हैं, उन्हें उन सभी जगह दानवों का आतंक दिख रहा है. मानो पूरे आर्यावर्त में, इस आतंक की काली छाया छाई हुई है.

अत्रि ऋषि के आश्रम से प्रस्थान कर, श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण के साथ दंडकारण्य नामक घने वन में प्रवेश करने लगे. इस वन में भी ऋषि - मुनि और तपस्वी निवास करते हैं. श्रीराम - जानकी को देखकर वे ऋषि - मुनि बड़े ही आदर के साथ उनके पास आए, उन तपस्वियों ने श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण को आशीर्वचन दिए, श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण, इन ऋषियों के आश्रम में रात्रि विश्राम कर पुनः आगे के प्रवास पर चल देते हैं. आगे उनको %विराध%ू नाम का एक दानव मिलता है, जो ऋषि - मुनियों का खून पीता है. उसने सीता को उठा लिया. यह देखकर श्रीराम - लक्ष्मण ने, अपने तीखे बाणों से उस पर आक्रमण किया.

जिन हाथों से उसने सीता को उठाया था, वो दोनों भुजाएं काट दी. फिर भी वह नहीं मरा. इस विराध राक्षस ने तपस्या करके विशेष सिद्धि प्राप्त की थी. अतः लक्ष्मण ने जमीन में एक खूब बड़ा गड्ढा किया, जिसमें श्रीराम ने इस विराध राक्षस को दफनाकर उसका अंत किया.

विराध का वध करके श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण शरभंग मुनि के आश्रम में पहुंचे. श्रीराम के सन्निध्य में, शरभंग मुनि ने अपना देहत्याग किया. वे इसी क्षण के लिये, श्रीराम की प्रतीक्षा कर रहे थे. शरभंग मुनि के ऋग्यमूलोक में जाने के पश्चात, उस आश्रम एवं आसपास के अनेक ऋषि - मुनि और वानप्रस्थी, श्रीराम से मिलने आए. उन्होंने श्रीराम को अपना दुखड़ा सुनाया, कि %किस प्रकार से असुरी शक्तियां उन्हें जीवन जीने देना नहीं चाहती. इन राक्षसों ने, इस वन में, तपस्वी मुनियों में, ऐसा भयंकर आतंक मचा के रखा है, कि उनसे अब सहा नहीं जाता.%

एवं वयं न मृष्यामो विप्रकारं तपस्विना ।
क्रियमाणं वने घोरं रक्षोभिर्भीमकर्मभिः।।3.6.18।
(अरण्यकांड / छठवा सर्ग)

ये सभी तपस्वी ऋषि - मुनि, श्रीराम से आग्रह कर रहे हैं कि वह असुरों का निर्दलन करें. वहां से आगे चलकर श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण समवेत, सुतीक्ष्ण के आश्रम में पहुंचे. वहां पर उन्होंने एक रात बिताई. अगले दिन, दंडकारण्य में फिर प्रवास प्रारंभ हुआ. सीता ने श्रीराम से %निरपराध प्राणियों का वध न करने का तथा अहिंसा के व्रत का पालन करने का% आग्रह किया. इस पर श्रीराम ने जनकनंदिनी सीता को समझाया. %निरपराध प्राणियों को न मारना तो उनके जीवन का मूल्य है. किंतु क्षत्रिय धनुष इसलिए धारण करते हैं, कि यदि कोई दुखी है, या संकट में पड़ा है, तो उसकी रक्षा कर सकें.%

÷विशेषतः दंडकारण्य में रहने वाले, कठोर व्रत का पालन करने वाले सभी तपस्वी, इन आसुरी शक्तियों के कारण अत्यंत कष्ट का जीवन जी रहे हैं. इन सभी आसुरी शक्तियों के निर्दलन की मैंने प्रतिज्ञा की है.÷

इन दानवों से भयभीत, ऋषि - मुनियों ने, मनोभाव से कहा ÷हे श्रीराम, दंडकारण्य में इच्छा अनुसार रूप धारण करने वाले अनेक बहरूपिये राक्षस रहते हैं. उनसे हमें बड़ा कष्ट पहुंच रहा है. अतः उनके भय से आप हमारी रक्षा कीजिये.

किं करोमीति च मया व्याहृतं द्विजसत्तमैः।
सर्वैस्तैस्समाग य वागिय समुदाहृता ॥10॥
राक्षसैर्दंण्डकारण्ये बहुभिः कामरूपिभिः।
अर्दितास्स्म दुर्दराम भवान्नस्तत्र रक्षतु ॥11॥
(अरण्यकांड / दसवा सर्ग)

दंडकारण्य में विहार करते-करते, श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण ने पंपासर तीर्थ के दर्शन किए, विभिन्न आश्रमों में ऋषियों का आशीर्वाद लेते हुए इन तीनों ने %भगवन् ! कुछ रहा था. कालचक्र अपनी गति से घूम ही रहा था...

हम भाग्यशाली हैं जो भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मरणीय पल के साक्षी हैं - पटेल

भोपाल । पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर नरसिंहपुर में कहा कि आज के आनंद के लिए शब्द नहीं है। पाँच शताब्दियों का संघर्ष और 25 से ज्यादा पीढ़ियों के बलिदान के बाद यह पल आया है। हम भाग्यशाली हैं, जो भगवान श्रीराम की अयोध्या के भव्य मंदिर में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे हैं। आज हम जो देख रहे हैं, इसकी हमारी पीढ़ी के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज का दिन वह ऐतिहासिक दिन है, जो दुनिया के पटल पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सनातन धर्म के प्रतीक श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आज अयोध्या में हुई है। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने नरसिंहपुर जिले के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और संकीर्तन के कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल ने श्रीधाम में नगर देवता श्री ठाकुर बाबा मंदिर, कटेली नरसिंहपुर में राम मंदिर, गुदरी बाजार के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सजीव प्रसारण को लोगों के साथ देखा व सुना। उन्होंने वहाँ भजन मंडली के साथ भगवान श्रीराम के भजन भी गाये। मंत्री श्री पटेल सिंहपुर चौराहा के पास चरहाई मंदिर में पूजा-अर्चन कर सदर मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित संकीर्तन में शामिल हुए। श्री पटेल हाऊसिंग बोर्ड में सई मंदिर और जरजोला रोड में पंचमुखी हनुमान मंदिर में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए।

भोपाल गैस पीड़ितों को ए स भोपाल में मिलेगा मु त इलाज, गैस राहत विभाग के साथ एमओयू साइन

भोपाल। राजधानी के करीब 20 हजार गैस पीड़ित कैंसर रोगियों को अब ए स भोपल में मु त में इलाज मिलेगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के दो साल पहले के आदेशपर प्रदेश सरकार और ए स के बीच चिछले शनिवार को एमओयू हो गया। इसमे अब ए स को गैस पीड़ितों के इलाज की राशि का भुगतान गैस राहत विभाग सीधे करेगा। भोपाल रूप फॉर इन्फोर्मेशन एंड ऐ शन की सदस्य रचना ढिंगरा ने बताया कि यह गैस पीड़ित संगठनों की लंबी लड़ाई और जारी आंदोलन की वजह से ही संभव हो पाया है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पिछली पेशी को गैस राहत विभाग से इसके बारे में पूछा था और अगली पेशी 24 जनवरी को जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ए स भोपाल से आशा है कि वह एक दिशा निर्देशिका बनाए। जिससे कैंसर ग्रसित गैस पीड़ितों को त्वरित इलाज मिल सके। इसी के साथ बीएचएमआरसी से आशा है कि वे जल्द ही कदम उठाए जिससे अस्पताल में कैंसर विभाग शुरू किया जासके यॉकि गैस पीड़ितों में कैंसर की बीमारी का दर पीड़ित आबादी से 10 गुना ज्यादा है।

दो साल बाद हुआ एमओयू

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच ने सितंबर 2021 में मॉनीटरिंग कमेटी की रिपोर्ट पर ए स में गैस पीड़ितों का इलाज निःशुल्क करने को लेकर आदेश जारी किया गया था। यह याचिका भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन की तरफ से दायर की गई थी। मॉनीटरिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा गया था कि गैस पीड़ित कैंसर रोगियों को बीएमएचआरसी में इलाज नहीं मिल रहा है। अब गैस राहत विभाग को 24 जनवरी को हाईकोर्ट में आदेशको लेकर अपनी पक्ष रखना है। जिसके पहले विभाग की तरफ से लंबे समय से लंबित एमओयू की प्रक्रिया पूरी की गई।

आदेश के बाद यह हो रही थी दिक्कत

हाईकोर्ट के आदेश के बाद गैस पीड़ितों का इलाज की सुविधा शुरू हुई थी। इसको लेकर ए स भोपाल भी दावा कर रहा था, लेकिन हकीकत में गैस पीड़ित मरीजों को इलाज मिलने में दिक्कत जा रही थी। दरअसल भोपाल गैस राहत विभाग मरीजो के इलाज की राशि स्वीकृत का पत्र के साथ ए स रेफर कर रहा था, लेकिन इलाज के खर्च के भुगतान को लेकर विभाग और ए स के बीच कोई सहज़ता नहीं हो रही थी। ऐसे में ए स मरीजों से इलाज की राशि वसूल रहा था और दवाईयां भी बाहर से खरीदने के लिए लिख रहा था। जिससे कई गरीब मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा था। इस तरह के लगातार मामले आने के बाद गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठनों ने मुद्दे को उठाया था।

मु यमंत्री के बाद डिप्टी सीएम ने भी कहा आज से अखंड भारत की शुरुआत

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से लगातार अखंड भारत, यूनाइटेड इंडिया (जिसमें भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के रियूनियन का विचार है) की बात कही जा रही है। 2 दिन पहले मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस संदर्भ में बयान दिया था। आज डिप्टी सीएम श्री राजेंद्र शु ल ने भरे मंच से ऐलान किया कि आज से दिव्य भारत की शुरुआत हो रही है। यहां दिव्य भारत से तात्पर्य अखंड भारत, यूनाइटेड इंडिया, अथवा भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के रियूनियन से है।

भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के रियूनियन से किसको या फायदा होगा

भारत दुनिया की महाशक्ति बनने जा रहा है और इसके लिए जियो पोलिटिकल स्ट्रैंथ का होना बहुत जरूरी है। यदि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का रियूनियन हो जाता है तो भारत, चीन और अमेरिका के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा पाकिस्तान और बांग्लादेश को होगा। वहां इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन और मेडिकल की सुविधा बढ़ जाएगी, और दोनों देशों के नागरिक एक्जुअल इंक्वेलिटीज का फायदा उठाते हुए अपनी और अपने परिवार की तरक्की के लिए काम कर पाएंगे। भारत का सीधा कंपटीशन अमेरिका और चीन से होगा। भारत का तनाव कम होगा और भारत की सरकार अपनी पूरी ताकत देश के विकास पर लगा पाएगी।

मध्य प्रदेश के मु यमंत्री और उपमु यमंत्री ने या कहा

उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल रीवा के पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने कहा कि, भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, अब भव्य भारत का निर्माण होगा। इससे पहले भोपाल में मध्य प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा था कि, सिंध, पाकिस्तान, अफगानिस्तान तक अखंड भारत बनाएंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की की है सब कुछ हमारे सामने हो और इसमें हमारा भी योगदान हो। इसके बाद मु यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल के आनंद नगर स्थित राम मंदिर में पहुंचे। इस वन में भी ऋषि - मुनि और तपस्वी निवास करते हैं. श्रीराम - जानकी को देखकर वे ऋषि - मुनि बड़े ही आदर के साथ उनके पास आए, उन तपस्वियों ने श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण को आशीर्वचन दिए, श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण, इन ऋषियों के आश्रम में रात्रि विश्राम कर पुनः आगे के प्रवास पर चल देते हैं. आगे उनको %विराध%ू नाम का एक दानव मिलता है, जो ऋषि - मुनियों का खून पीता है. उसने सीता को उठा लिया. यह देखकर श्रीराम - लक्ष्मण ने, अपने तीखे बाणों से उस पर आक्रमण किया.

जिन हाथों से उसने सीता को उठाया था, वो दोनों भुजाएं काट दी. फिर भी वह नहीं मरा. इस विराध राक्षस ने तपस्या करके विशेष सिद्धि प्राप्त की थी. अतः लक्ष्मण ने जमीन में एक खूब बड़ा गड्ढा किया, जिसमें श्रीराम ने इस विराध राक्षस को दफनाकर उसका अंत किया.

विराध का वध करके श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण शरभंग मुनि के आश्रम में पहुंचे. श्रीराम के सन्निध्य में, शरभंग मुनि ने अपना देहत्याग किया. वे इसी क्षण के लिये, श्रीराम की प्रतीक्षा कर रहे थे. शरभंग मुनि के ऋग्यमूलोक में जाने के पश्चात, उस आश्रम एवं आसपास के अनेक ऋषि - मुनि और वानप्रस्थी, श्रीराम से मिलने आए. उन्होंने श्रीराम को अपना दुखड़ा सुनाया, कि %किस प्रकार से असुरी शक्तियां उन्हें जीवन जीने देना नहीं चाहती. इन राक्षसों ने, इस वन में, तपस्वी मुनियों में, ऐसा भयंकर आतंक मचा के रखा है, कि उनसे अब सहा नहीं जाता.%

एवं वयं न मृष्यामो विप्रकारं तपस्विना ।
क्रियमाणं वने घोरं रक्षोभिर्भीमकर्मभिः।।3.6.18।
(अरण्यकांड / छठवा सर्ग)

ये सभी तपस्वी ऋषि - मुनि, श्रीराम से आग्रह कर रहे हैं कि वह असुरों का निर्दलन करें. वहां से आगे चलकर श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण समवेत, सुतीक्ष्ण के आश्रम में पहुंचे. वहां पर उन्होंने एक रात बिताई. अगले दिन, दंडकारण्य में फिर प्रवास प्रारंभ हुआ. सीता ने श्रीराम से %निरपराध प्राणियों का वध न करने का तथा अहिंसा के व्रत का पालन करने का% आग्रह किया. इस पर श्रीराम ने जनकनंदिनी सीता को समझाया. %निरपराध प्राणियों को न मारना तो उनके जीवन का मूल्य है. किंतु क्षत्रिय धनुष इसलिए धारण करते हैं, कि यदि कोई दुखी है, या संकट में पड़ा है, तो उसकी रक्षा कर सकें.%

÷विशेषतः दंडकारण्य में रहने वाले, कठोर व्रत का पालन करने वाले सभी तपस्वी, इन आसुरी शक्तियों के कारण अत्यंत कष्ट का जीवन जी रहे हैं. इन सभी आसुरी शक्तियों के निर्दलन की मैंने प्रतिज्ञा की है.÷

इन दानवों से भयभीत, ऋषि - मुनियों ने, मनोभाव से कहा ÷हे श्रीराम, दंडकारण्य में इच्छा अनुसार रूप धारण करने वाले अनेक बहरूपिये राक्षस रहते हैं. उनसे हमें बड़ा कष्ट पहुंच रहा है. अतः उनके भय से आप हमारी रक्षा कीजिये.

किं करोमीति च मया व्याहृतं द्विजसत्तमैः।
सर्वैस्तैस्समाग य वागिय समुदाहृता ॥10॥
राक्षसैर्दंण्डकारण्ये बहुभिः कामरूपिभिः।
अर्दितास्स्म दुर्दराम भवान्नस्तत्र रक्षतु ॥11॥
(अरण्यकांड / दसवा सर्ग)

दंडकारण्य में विहार करते-करते, श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण ने पंपासर तीर्थ के दर्शन किए, विभिन्न आश्रमों में ऋषियों का आशीर्वाद लेते हुए इन तीनों ने %भगवन् ! कुछ रहा था. कालचक्र अपनी गति से घूम ही रहा था...

आचार्य शंकर न्यास द्वारा "रामोत्सव'' का आयोजन

भोपाल । संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा %राम लला प्राण-प्रतिष्ठा ऊत्सव% के उपलक्ष्य में %रामोत्सव% कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जनजातीय संग्रहालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शु ला ने किया। रामभक्तों द्वारा %भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला%ू के सामूहिक स्वरों के साथ भगवान राम की आरती भी की गई। 300 से अधिक प्रतिभागियों ने गोस्वामी तुलसीकृत राम-स्तुति %श्री रामचंद्र कृपालु भजमन%ू का भी सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर जनजातीय लोककला एवं बोली-विकास अकादमी के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र पारे, जन अभियान परिषद् के कार्यकारी निदेशक डॉ. पी के पाण्डे, आचार्य शंकर न्यास के प्रभारी अधिकारी डॉ शैलेंद्र मिश्रा व स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी जी उपस्थित थे। शंकरदूतों द्वारा श्रीराम भुजंग प्रयात स्तोत्र का हुआ गायन

रामोत्सव कार्यक्रम में शंकर दूतों द्वारा आदि शंकराचार्य द्वारा भगवान श्री राम पर रचित श्रीराम भुजंग प्रयात स्तोत्र का सम्वेत गायन किया गया। न्यास द्वारा निर्मित आयोजित होने वाले अद्वैत युवा शिविर से प्रशिक्षित होने वाले युवा 'शंकर-दूत' बन न्यास के साथ अद्वैत वेदान का प्रचार-प्रसार करते हैं। ऐसे 30 शंकर दूतों के समूह द्वारा राग हंसध्वनि में इस स्तोत्र का गायन किया गया। इस अवसर का दस दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कांलुरू की श्रीमती लोकमाता विद्याशंकर द्वारा दिया गया। भोपाल के अतिरिक्त भारत में अन्यान्य स्थानों पर निवासरत शंकरदूतों द्वारा भी अपने-अपने स्थान पर इस स्तोत्र का सामूहिक गायन किया गया।

गैस का रिसाव हुआ तो मोबाइल पर आ जाएगा मैसेज, आईआईटी इंदौर के छात्र की डिवाइस

दमोह। दमोह जिले की बटियागढ़ तहसील के ग्राम रियाना निवासी किसान के बेटे ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जिससे जहरीली गैसों के रिसाव की जानकारी तत्काल हमारे मोबाइल पर मिल जाएगी और बड़ी जनहानि की घटना बच जाएगी।

रियाना गांव के रहने वाले किसान तुलसीराम पटेल के 30 वर्षीय बेटे चंद्रभान पटेल ने आईआईटी इंदौर में यह डिवाइस बनाई है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस डिवाइस को बनाने में दो साल लग गया। इसकी कीमत भी 15 से 20 हजार है, जबकि बाजार में यह डेढ़ लाख रुपये कीमत की है।

इस डिवाइस के बारे में चंद्रभान ने बताया कि उद्योगों, सीवरेज और कोयला खदानों में निकलने वाली जहरीली गैसों से बड़े हादसे हो चुके हैं।भोपाल गैस कांड भी जहरीली गैस लीक होने से हुआ था,लेकिन इसके बाद भी कोई ऐसी डिवाइज नहीं बन पाई थी जिससे इन जहरीली गैसों की जानकारी मिल सके। भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान आईआईटी इंदौर में उन्होंने यह डिवाइज तैयार की है जो जहरीली गैसों के रिसाव होने पर एलर्ट करेगी।

एप के माध्यम से चलती है डिवाइस

इस डिवाइस को तैयार करने वाले चंद्रभान और उनकी टीम का कहना है कि यह औद्योगिक परिसर, सीवरेज के 20 मीटर के दायरे में गैस का रिसाव होने पर तत्काल सूचित करेगी।चंद्रभान पटेल ने बताया कि हमने ई नोज डिवाइस फोर गैस सेंसर जहरीली गैसों की निगरानी के लिए तैयार की हैइस डिवाइस को मोबाइल एप क्नेटेक एल 2 से जोड़ा गया है।इससे गैसों के स्तर की सही टाइमिंग की जानकारी मिलेगी। गैस लीक होने पर एप तुरंत एलर्ट जारी करेगा और डिवाइस में लगा अलार्म बजने लगेगा।डिवाइस में फीड मोबाइल नंबरों पर पहले मैसेज जाएगा और कोई रिस्पांड न मिलने पर लगातार काल जायेगाइस तरह से जहरीली गैस से होने वाला बड़ा हादसा टल जायेगा। इसकी कीमत से 15 से 20 हजार रुपये है।उद्योगों, खदानों और सीवरेज में हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोओ साइड, कार्बन डाईओ साइड और नाईट्रोजन डाईओ साइड गैस पाई जाती है। इन गैसों की मात्रा जब निर्धारित मापदंड से अधिक हो जाती है वे यह इंसानों के लिए खतरनाक हो जाती है।

युवा वैज्ञानिक की मिल चुकी है उपाधि

चंद्रभान पटेल आईआईटी इंदौर में इर्लो ट्रकल इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी की डिग्री कर रहे हैं। उन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2022 के लिए युवा वैज्ञानिक की उपाधि मिली है। उन्होंने 15 रिसर्च पेपर और 5 भारतीय पेटेंट की खोज की है। उनके काम के लिए आईआईटी इंदौर के द्वारा बेस्ट टे नोलॉजी अवार्ड 2023 भी दिया गया हैं। चंद्रभान पटेल के स्टार्टअप के लिए आईआईटी मुंबई द्वारा दस लाख रुपये और आई आईटी इंदौर के द्वारा दो लाख रुपये प्रदान किये हैं।उनकी इस खोज के लिए भारत सरकार द्वारा पेटेंट ग्रांट भी हो चुका हैं। इस खोज में इनकी पूरी टीम चंद्रभान पटेल, डॉ टर पल्लभी मुखर्जी, मयंक दुबे एंड सुमित चौधरी ने प्रोफेसर शैबाल मुखर्जी के मार्गदर्शन में काम किया है। प्रोफेसर शैबाल मुखर्जी इर्लो ट्रकल इंजीनियरिंग विभाग आइआइटी इंदौर ने बताया की हम सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य व आत्मनिर्भर भारत के विकास में सक्रिय रूप से योगदान करते हैं। आइआइटी इंदौर के शोधार्थियों द्वारा विकसित की गई यह तकनीक हानिकारक गैसों के रिसाव के संबंध में समय रहते अलर्ट करके हादसे रोकने में कारगर साबित होगी।

मु यमंत्री ने बांधवगढ़ एसडीएम को सस्पेंड किया, ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं

भोपाल। मध्य प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उमरिया जिले के बांफवगढ़ एसडीएम एवं रज प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अमित सिंह को सस्पेंड करने के निर्देश दिए है। मु यमंत्री ने कहा कि बांफवगढ़ एसडीएम द्वारा दो युवकों से मारपीट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मध्य प्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आम जन से इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह घटना, बांफवगढ़ जिला उमरिया की है। एसडीएम श्री अमित सिंह अपने स्टाफ के साथ कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए फील्ड में थे। इसी दौरान एक कार ने उनके वाहन को ओवरटेक किया। अस्पताल में भर्ती घायल युवक प्रकाश दहिया और विवमू यादव ने पत्रकारों को बताया कि, जल्दबाजी में सड़क्रांस की गाड़ी ओवरटेक हो गई थी। इस बात से नाराज होकर सड़क्रांसी अमित सिंह ने उसे कार का पीछा किया। ओवरटेक करके रोका और फिर कर में सवार दोनों युवकों को बाहर निकाल कर अपने ड्राइवर एवं एक अन्य स्टाफ द्वारा लाठियां से पिटवाया। इस दौरान उसे कारको भी तोड़ दिया गया। जिसने एसडीएम की गाड़ी को ओवरटेक किया था। मामले का वीडियो वायरल हो गया था।

मध्य प्रदेश के मु यमंत्री के कार्यालय से प्रेस को बताया गया है कि, मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज 23 जनवरी 2024 को रूल्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं उमरिया जिले में बांफवगढ़ एसडीएम के पद पर पदस्थ श्री अमित सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिए है।

आने वाले समय में भारत भवन का नया स्वरूप देखने मिलेगा : संस्कृति मंत्री

भोपाल। भारत भवन भारतीय संस्कृति का अद्भुत उदाहरण है। यहाँ पर विभिन्न संस्कृति और कलाकारों द्वारा सजाई गई बेहतरीन कला का समावेश है। यह बात संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भारत भवन के भ्रमण के दौरान कही।

मंत्री श्री लोधी ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे परिष्कृत संस्कृति है। में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहरों के विकास और उत्थान का कार्य सतत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत भवन परिसर में लगभग एक एकड़ की भूमि पर %कला ग्राम% विकसित किया जा रहा है। भारत भवन मध्यप्रदेश की कला और संस्कृति को प्रमोट करने में अहम भूमिका निभाता है। कला ग्राम के बनने से यह और महत्वपूर्ण लि मेडीशी बन जायेगी। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आने वाले समय में भारत भवन एक नए स्वरूप में दिखेगा।संचालक संस्कृति श्री अदिति कुमार त्रिपाठी ने मंत्री श्री लोधी को भारत भवन के विभिन्न ग्लैरी रूपांकर, रंगमहल, वागार्थ, अन्हद, छवि आदि का भ्रमण कराया और जानकारी दी। इस अवसर पर भारत भवन के मु य प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रेमशंकर शुं ला उपस्थित थे

नवनिर्वाचित विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने भवन का किया भूमि पूजन

पूर्व विधायक ने सामुदायिक भवन निर्माण में लगाया था अड़ंगा

हाई कोर्ट से भवन निर्माण को लेकर हुआ रास्ता साफ

छपरा यशोः- नगर के बैनगंगा तट में विश्राम गृह के किनारे से सामूदायिक सत्संग भवन का भूमि पूजन केक्तारी के नवनिर्वाचित विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के द्वारा किया गया।

ज्ञात हो कि इस नदी तट के मैदान में लगभग दो वर्ष पूर्व से दो शासकीय सामुदायिक भवनो का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था जिनका विधिवत नियमानुसार तकनीकी स्वीकृत भी ली गई थी इसके बाद भी इनके निर्माण कार्य में दो साल कोरोन काल में कार्य रूक गया था जिनका पुनः मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक रजनीश सिंह से भूमि पूजन कर इनका शुभारंभ किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीचंद अवधिया ने चुन चुन के लगाए आरोप

बताया जाता है कि इस दौरान छपारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेता भी

मौजूद थे वही कार्यक्रम के दौरान छपारा नगर के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीचंद अवधिया ने पूर्व विधायक पर चुन चुन के आरोप लगाए जहां उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण को पूर्व में ही प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन तत्कालीन भाजपा के विधायक राकेश पाल सिंह के द्वारा इस पर अड़ंगा लगाया गया और उन्होंने इसका काम रुकवा दिया था, उनसे आवेदन निवेदन के बाद भी उन्होंने काम को होने नहीं दिया तब जाकर हमें इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाना पड़ा जहां से भवन निर्माण को लेकर रास्ता साफ हुआ जिसके चलते भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है जिसका भूमि पूजन विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के द्वारा किया गया।

इसी दौरान अपने उद्बोधन में विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने पत्रकार भवन को लेकर भी उन्होंने आश्वस्त किया है कि छपारा नगर में पत्रकारों के द्वारा एक सामुदायिक भवन बनाए जाने की मांग की थी, उनका भवन भी अधूरा है जिसे भी पूरा किया जाएगा जिसका निर्माण कार्य को लेकर भी तत्काल उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है और उन्होंने इस भवन के निर्माण कार्य में जिस तरह की भी सहयोग की आवश्यकता होगी वह करेंगे और यह भवन आम जनता के सार्वजनिक उपयोग के भी काम आएगा इस बात का एलान किया।

इस अवसर पर साथ ही पूर्व विधायक सिवनी रमेश जैन ,छपारा ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल,मु य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातरकर जनपद ,जनपद उपाध्यक्ष प्रभात सिंह ठाकुर,नगर परिषद उपाध्यक्ष ठा.शिवकान्त सिंह,सरपंच खु.सौंपार श्रीमती बैजन्ती मरावी,सचिव भागचन्द्र पंचेश्वर, उपसरपंच आशिक़ अली, रसीद पटेल,पूर्व युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष नवनीतसिंह,श्रीचंद्रअवधिया, जुजर भाई ,नवन अवधिया, सुरजीतसिंह, बद्री सं या में अवधिया समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

जय श्री राम के नारों से गूंज बरघट नगर

बरघाट यशोः- श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बरघाट नगर हुआ राम मय श्री राम मंदिर बरघाट एवं नगर के सभी मंदिरों में हवन पूजन आरती महाप्रसाद का आयोजन किया गया साथ ही शाम 8ः30 बजे से दीप उत्सव राम मंदिर बरघाट शानदार आतिशबाजी की गई एवं नगर रोशनी से जगमगा उठा पूरा नगर हुआ राम मय सभी मंदिरों में महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन हुआ रात्रि में भजन संध्या सत्या रूप द्वारा रामलीला मंचन किया नगर के सभी महिला मंडल को प्रतीक चिन्ह दिया गया , कार्यक्रम सामूहिक रूप से नगर परिषद के सामने नगर के मु य मंदिर श्रीराम मंदिर में किया गया, जय श्रीराम, जय जय श्रीराम नरो से गूंज उठा पूरा नगर इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोल, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, नगर परिषद अध्यक्ष इमरता साहू साथ ही जनप्रतिनिधि, सभी रामभक्त गणमान्य नागरिक माताएं बहनें बड़ी सं या में उपस्थित रही।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ऐतिहासिक दिन पर नगर में हुऐ विविध आयोजन

छपारा यशोः- देश के असं य राम भक्तों के लगभग पांच शताब्दी से अधिक के लंबे इंतजार के बाद आये इस अवसर आयोध्या धाम में सोमवार 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को दिपावली पर्व के रूप में मनाया गया जहां नगर पर सुबह चार बजे से ही लोगों मे उत्साह देखा गया, अलसुबह उठकर नगर के मु य मार्गो पर सनातन धर्म ट्रस्ट समिति के सदस्यों के साथ गौरी शंकर मंदिर समिति एवं शंकर मढिया समिति के सदस्यों सहित नगर वासियों ने प्रभात फेरी निकाली जो नगर के मु य मार्गो पर राम धुन गाते हुए घूमधाम से निकाली और राम मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। वही सुबह लगभग सात बजे से नगर के राम मंदिर, पंचदेव मंदिर, बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर एवं शंकर मढिया सहित अन्य मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ और हवन पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया

गया, साथ ही दोपहर 12ः30 बजे नगर के राम मंदिर परिसर एवं शंकर मढिया मंदिर प्रांगण में अयोध्या नगरी के राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे बड़ी सं या में लोगों ने देखा। शाम 5ः00 बजे नगर मे शोभायात्रा निकाली गई जो मु य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड एवं पुराने बाजार स्थित राम मंदिर पहुंची इस शोभायात्रा में विविध प्रकार की सजीव आकर्षक झांकियां रखी गई थी शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया इसके साथ ही चौक चौराहे में भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम जारी रहा। वही अधिकांश नगर के दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें एवं मंदिरों में पहुंचकर सपरिवार पूजन अर्चन किए, नगर के लगभग सभी वार्डों में आम जन ने अपने अपने घरो को विशेष रूप से सजाया एवम सुंदर सुंदर रंगोली भी बनाई गई।

25 जनवरी को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर मनाया जाएगा 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

भोपाल। 25 जनवरी को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मु य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बीपी सिंह, पूर्व मु य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री ओपी रावत, कमिश्नर भोपाल डॉ. पवन शर्मा, स्टेट आईकॉन श्री राजीव वर्मा और श्री गोविंद नामदेव शामिल होंगे।

श्री राजन ने बताया कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/विधानसभा निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारियों और स्वीप गतिविधि में बेहतर कार्य करने वाले जिला पंचायत सईओ/स्वीप नोडल अधिकारियों और निर्वाचन से संबंधित सपर्धाओं में विजयी हुए प्रतिभागियों को सा मानित किया जाएगा। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मु य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। मु य अतिथि युवा मतदाताओं को इंफिक कार्ड का वितरण और काफी टेबल बुक का विमोचन करेंगे और राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता को शपथ दिलाई जाएगी।

भैरोगंज प्रीमियर लीगः आज ओपन वर्ग के दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे

सिवनी यशोः- प्रेस विज्ञप्ति में भैरोगंज प्रीमियर लीग टूर्नामेंट सिवनी के मीडिया प्रभारी अशोक राजपूत ने बताया कि आज ओपन वर्ग के चार क्वार्टर फाईनल मुकाबले खेले गये । जिसमें आज के मु य अतिथि के रूप मे आई. डी.बी. आई बैंक की प्रतिनिधि सुश्री समिष्ठा पटेल जी ,श्री आशुतोष सेन जी श्री विशाल सोनी एवं हिमांशु दीक्षित ने टॉस कराया और दोनों टीम से परिचय प्राप्त कर मैचो को प्रारंभ कराया जिसमे प्रथम मैच - गुरूनानक तुलसीधरा टीम वर्सेस सिवनी वायज सिवनी टीम के बीच खेला गया जिसमें सिवनी वायज

सिवनी टीम ने यह मैच 43 रनो से जीत लिया । वही दूसरा मैच - महामाया वारीयर्स टीम और स्वयं अड़माने बरघाट टीम के बीच खेला गया जिसे महामाया टीम ने 7 विकेट से जीता । तीसरा मुकाबला - ज्वाला देवी टाईगर टीम और सिवनी वारीयर्स टीम के बीच खेला गया इस कड़े मुकाबले में ज्वाला देवी टाईगर टीम 7 विकेट से विजयी रही । चौथे मैच - नन्हू ईलेवन टीम विरूद्ध आर.सी.सी. मोहगांव टीम के मध्य खेला गया जिसमे नन्हू ईलेवन टीम ने 44 रन्ने से अपनी जीत दर्ज की ।

कल 24 जनवरी को ओपन वर्ग के सेमीफाइनल मैच के दो मुकाबले खेले जाएंगे ,जिसमें पहला मैच - सुबह 11 बजे सिवनी वाईल्ड सिवनी टीम और ज्वाला देवी टाईगर टीम के मध्य खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच - महामाया वारीयर्स टीम और नन्हू ईलेवन टीम के बीच दोपहर एक बजे खेला जायेगा।

जिले की सबसे बड़ी ईनामी राशि के क्रिकेट टूर्नामेंट भैरोगंज प्रीमियर लीग की हमारी आयोजन समिति के अध्यक्ष एड. राज गोस्वामी , उपाध्यक्ष - अनीष बघेल ,आयोजक गण - सुधीर अवधिया, विवेक श्रीवास्तव, संजय बघेल, हरेश सदाफल, अप्पू ठाकुर, विशाल तिवारी, सचिव - सुभम राजपूत , कोषाध्यक्ष - प्रदीप अग्रवाल, अंकित ठाकुर, पंकज ठाकुर, अमित सिसोदिया, राहुल बघेल, मिथलेश यादव, धन्नू ठाकुर, संजय ठाकुर, किरन सेन, विकांत मराठा, मोनू बघेल, सुभम बघेल,

अशोक राजपूत, आदर्श बघेल, एड. अनिल बघेल, एड. प्रमोद ताम्रकार, सहित समस्त भैरोगंज वासियों ने पी.जी. कालेज मैदान भैरोगंज मे जारी टूर्नामेंट मे अधिक से अधिक सं या मे खेलप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

कुनो में नन्हे चीता शावकों का जन्म प्रदेश के लिए सौभाग्य -मु यमंत्री

भोपाल। मु यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा कुनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजे ट सफल हो रहा है। प्रसिद्ध से गाथव हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है। यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। कुनो में मादा चीता ज्वाला ने 3 नन्हे चीता शावको को जन्म दिया है। प्रदेश में चीते प्रजाति के प्राणियों की सं या अब 21 हो गई है। मु यमंत्री ने प्रदेश में चीतों के कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

श्री राम कथा,भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा और भण्डारे का हुआ समापन

सिवनी यशोः-सारा देश जहाँ राम नाम से गुंजायमान था वही मोती नाला बरघाट नाका मे भगवान् शिव की नर्मदेश्वर शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा समापन हुई। ज्ञात हो की अयोध्या मे शुभ समय मे संपन्न हुआ उसी समय मे शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई।इसके पश्चात आतिशबाजी से शिव जी और राम जी का स्वागत समिति सदस्यों द्वारा किया गया।

मोती महल लॉन ढुंडा सिवनी में श्री अतुल रामायणी जी के द्वारा राम कथा का सुंदर वाचन किया जा रहा है, आज जिसका तृतीय एवं अंतिम दिवस था। राम कथा मे

आज भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी, पूर्व विधायक राकेश पाल जी, श्री नरेश दिवाकर , रमन सिंह सिकरवार (पूर्व डी आई जी), भाजयुमो अध्यक्ष युवराज रहंगडाले जी, राजु यादव पार्षद, श्रीमती अनसुइया पटवा पार्षद, अनिल पटवा एवं श्रद्धालुओं की अनेकानेक सं या रही।

रामकथा के पश्चात मोती महल लॉन में भंडारा प्रसाद का भी कार्यक्रम किया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया प्रवेश द्वारों भूमि पूजन

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर मे आयोजित कार्यक्रमों मे हुए स मिलित

सिवनी यशोः- सोमवार 22 जनवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पवित्र नगरी अयोध्या मे श्री रामलला भव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर नगर मे आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे स मिलित हुए। विधायक श्री राय ने आज प्रातः प्रभु श्रीराम का स्मरण उपरांत भैरोगंज स्थित प्राचीन श्री हनुमान घाट मे डा. कुंदनलाल बडेरा जी, श्रीमती सरला नैय्यर जी एवं सिधुमति तिवारी जी की स्मृति मे मार्डन हायर सेकेंडरी स्कूल, श्री बालाजी गुरुकुल की संचालक डा. वंदना तिवारी जी, जनक तिवारी

की ओर आयोजित श्रीराम धनुष स्थापना अर्पण एवं अर्पण कार्यक्रम स मान समारोह में अतिथि के रूप मे स मिलित हुए। तदोपरांत विधायक श्री राय ने विधायक निधि से स्वीकृत श्री बालरुप हनुमान मंदिर शुक्रवारी, सिद्ध पीठ माता राज राजेश्वरी एव श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट मंदिर समिति के भगवान सूर्य मंदिर मे भव्य प्रवेश द्वार का विधि-विधान से भूमि पूजन किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय मुनमुन नगर के हृदय स्थल शुक्रवारी स्थित राम मंदिर पहुंचे। जहां पर आपने भगवान श्री राम जी को नमन किया। वहीं पुजारी जी द्वारा चुनरी पहनाकर स मान किया। इसके पश्चात श्रीराम दल समिति द्वारा आयोजित कौशल्या नंदन प्रभु श्री राम की महाआरती कार्यक्रम मे होकर आरती की तथा 11 फिट की अगरबत्ती को प्रज्वलित किया। एवं सभी श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या मे संपन्न हो रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखा। इस ऐतिहासिक गरिमामय अवसर पर बड़ी सं या मे श्रद्धलुगणों की उपस्थिति रही।

जिला कांग्रेस भी चाहती है कि जिले व नगर में अवैध कार्यो पर अंकुश लगे - खुराना

सिवनी यशोः- सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखे गये पत्र मे अवैध जुआ, सट्टा, गौकशी, अवैध ब्याजी कार्य एवं रेत खनन के संबंध मे पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिला कांग्रेस भी यह चाहती है कि जिले व नगर में अवैध कार्यो पर अंकुश लगना चाहिये, सिवनी जिला में सबसे अधिक अवैध शराब का व्यवसाय किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के समय भी अवैध शराब का जखीरा पकड़ा गया, उसके बाद लगातार कही ना कही अवैध शराब पकड़ी जा रही है। दिनेश राय मुनमुन अवैध शराब के मामले में यो चुप्पी साध लेते है ` या शराब माफिया से आपकी कोई डील है, यदि डील नही है तो` यो आपको अवैध शराब व्यवसाय नजर नही आता, जो अवैध शराब पकड़ी जाती है उन अरोपियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही के लिए आप पुलिस अधीक्षक महोदय को पत्र` यो नही लिखते,` यों नही उनके घरो पर बुलडोजर चलाने की बात करते। आपने अपने पत्र में लिखा है कि, सिवनी के अनेक थाना क्षेत्रों के जंगलो में निर्भिक रूप से अवैध कार्य किये जा रहे है। आपने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि कु यात अपराधी कांग्रेस पार्टी से संबंधित है, विधायक जी यदि कु यात अपराधी के अवैध कृत्यों की इतनी अधिक जानकारी है तो उसका नाम आप सार्वजनिक करे, जिससे कांग्रेस पार्टी उस अपराधी पर पार्टी स्तर पर कार्यवाही कर सकें। आपने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि सिवनी में सफेद पाउडर (खे श) का व्यवसाय भी हो रह है, युवा पीढ़ी के लिए यह बहुत चिंता का विषय है यदि आपको सफेद पाउडर के सौदागरो की जानकारी हो तो उनके नाम भी उजागर करना चाहिये जिससे सफेद पाउडर के स्मगलरों पर कठोर कार्यवाही हो।

श्री खुराना ने आगे कहा कि प्रदेश में आपकी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है रेत की रायल्टी भाजपा के ठेकेदारो द्वारा मनमाने दर पर वसूल की जा रही है जिससे गरीब लोगो को घर बनाना मुस्किल हो गया है। फर मलिको को भी गाड़ी की किस्त पटाना कठिन हो गया है। आप रायल्टी कम करने की बात ` यों नही करते, पिछले 10 वर्षो का अनुभव रहा है कि आप इस तरह के पत्राचार केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए करते है एक बार आप महाराष्ट्र मध्यप्रदेश सीमा पर गये थे कि बॉर्डर पर बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है ट्रक ड्राईवरो को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है आज भी वह व्यवस्था बॉर्डर पर जस की तस है इसके बाद भी दिनेश राय मुनमुन ने बॉर्डर पर पलटकर नही देखा। सिवनी में प्रारंभ आमागढ़ और सेलुआ टोल के संबंध में सिवनी विधायक आज भी मौन धारण किये हुये है, जिला कांग्रेस, ट्रक यूनियन के आंदोलन से दोनो टोल नाको में निजी वाहनों को टोल शुल्क नही लग रहा है। यदि आप सिवनी की जनता के साथ खड़े होते तो इन स्थानों पर टोल नाके स्थापित ही नही होते।

रघाट के वार्ड नं 21 का है मामला

अवैध अतिक्रमण किये जाने के स बंध में झूठा शपथपत्र प्रस्तुत किया था

बरघाट यशोः- कलेक्टर न्यायालय सिवनी में प्रस्तुत निर्वाचन याचिका अंतर्गत धारा 36 मप्र पंचायत राज व ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत

महेंद्र मेश्राम ने जनपद पंचायत बरघाट के वार्ड न 21 के जनपद सदस्य प्रभुदयाल गोनकर के विरुद्ध शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने के स बंध में झूठा शपथपत्र प्रस्तुत करने के आधार पर पंचायत चुनाव में जनपद सदस्य के पद से निरहत किये जाने हेतु याचिका दायर की थी।

रिक्त मानकर चुनाव कराये जाने के आदेश पारित किए गए

जिला कलेक्टर सिवनी के निर्वाचन याचिका क्रमांक 0002अ, 89 22,23 में दिनांक 22 जनवरी 2024 को याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज व एडवोकेट सुरेन्द्र बारमाटे के तर्कों से सहमत होते हुए प्रस्तुत निर्वाचन याचिका स्वीकार करते हुए जनपद पंचायत बरघाट के वार्ड न 21 से विजयी घोषित प्रभुदयाल गोनकर को जनपद सदस्य के पद से निरहत घोषित कर पुनः आदेश दिनांक से उक्त पद रिक्त मानकर चुनाव कराये जाने के आदेश पारित किए गए है। जनपद पंचायत बरघाट के वार्ड नं 21 के सभी मतदाता और कार्यकताओं में खुसी की लहर दौड़ गयी है

राज्य स्तरीय पुरूस्कारों के लिए 25 तक कर सकेंगे आवेदन

मंडला यशो:- महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय पुरूस्कारों 2023 के लिए आगामी 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। महिला वीरता, नारी स मान तथा महिला समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था इस हेतु आवेदन के लिए पात्र हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महिला वीरता हेतु रानी अवंती बाई वीरता पुरूस्कार, महिला समाज सेवा के क्षेत्र में राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरूस्कार, संस्था समाज सेवा अंतर्गत विष्णुकुमार समाजसेवा पुरूस्कार, महिला नारी स मान की रक्षा हेतु मु यमंत्री नारी स मान रक्षा पुरूस्कार, साहसिक कार्य हेतु अरूणा-शानबाग साहस पुरूस्कार तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए साहसिक कार्य हेतु राष्ट्रमाता पदमावती पुरूस्कार कुल 6 श्रेणियों में आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन के प्रारूप सहित पुरूस्कार का विवरण विभाग की वेबसाईट द्ब॥ष्ष्ह्लद्बह्य.ष्ण1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।

स्वच्छता सप्ताह पर हुई साफ सफाई

बालाघाट। अायुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं भोपाल के निर्देशानुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट अंतर्गत बैंक मु यालय और शाखाओं में 22 जनवरी से 27 जनवरी तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बैंक सीईओ आर.सी. घटले की उपस्थिति में बैंक कर्मचारियों ने बैंक मु यालय और शाखाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राकेश असाटी विपणन अधिकारी,राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, आशीष मिश्रा शाखा प्रबंधक, प्रकाश साहू शाखा प्रबंधक, श्रीमती लता गोतम सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

चीता परियोजना अन्य देशों के लिये वन्य जीव प्रबंधन का आदर्श उदाहरण - वन मंत्री चीता परिवार बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की

भोपाल। वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने पालपुर कूनो नेशनल पार्क में चीता परिवार में नये सदस्यों के जन्म पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पालपुर कूनो नेशनल पार्क का वातावरण चीतों के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल साबित हुआ है।

वन मंत्री श्री चौहान ने कहा कि चीता परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि? का सफल परिणाम है। चीता संरक्षण एवं संवर्धन के लिये प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश और देश का नाम दुनिया में हुआ है। उन्होने कहा कि वन्य जीव प्रबंधन की दृष्टि? से चीता परियोजना अन्य देशों के लिये एक उदाहरण बन गई है। वन्य जीव विशेषज्ञ चीता परियोजना का अध्ययन करने मध्यप्रदेश आ रहे है। वनमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर उत्सव का वातावरण

मंदिरों में विशेष पूजा पाठ, कीर्तन आदि का आयोजन

मंडला यशो:- अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर समूचे मंडला जिले में उत्सव का वातावरण है। मंदिरों में विशेष पूजा पाठ, कीर्तन आदि का आयोजन किया गया। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी विविध आयोजन किए गए जिससे समूचा जिला राममय प्रतीत हो रहा है।

मंदिरों में लोगों ने सुबह से ही पहुंचकर पूजन- अर्चन एवं संकीर्तन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अलावा नागरिकों ने भी जगह- जगह भंडारे एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। प्रात: से ही कीर्तन मंडलियां मंदिरों में भजन गायन कर रही हैं। विभिन्न जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम, मंदिरों में साफ सफाई के कार्यक्रम आयोजित किये गए। श्रीराम की शोभायात्रा के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। जहां राम भक्तों के द्वारा वाहन रैली, कलश यात्रा निकाली गई वहीं जगह-जगह सुंदरकांड एवं रामधुन के कार्यक्रम भी चल रहे हैं। हर जगह खास साज- सज्जा, बिद्युत सजावट, भजन संध्या, शोभायात्रा, आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से समूचा जिला राममय प्रतीत हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक आयोजनों की श्रृंखला जारी है।

हुए विविध आयोजन

आयोध्या में आयोजित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंडला नगर में भी विविध आयोजन किए गए। सिंधी धर्मशाला में राम दरबार की स्थापना की गई। सनातन धर्मोत्सव समिति द्वारा वाहन रैली निकाली गई। हनुमान लला सेवा समिति द्वारा 3 हजार से अधिक लोगों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। सूर्यकुंड सहित दर्जनों मंदिर में रामधुन तथा रामचरित मानस का पाठ किया गया। शाम के समय सभी मंदिरों तथा घाटों में हजारों की सं या में दीप प्रज्वलित किए गए तथा आतिशबाजी की गई। साथ ही महा आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

अनेक स्थानों पर हुआ लाईव प्रसारण

आयोध्या में आयोजित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जिले में अनेक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। इस दौरान पूजन अर्चन, भजन कीर्तन, भंडारा तथा प्रसादी वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार मंडला नगर के रपटाघाट, बैगा बैगी चौक, रेडक्रॉस, बस स्टेंड, पड़ावा, बिछिया, महाराजपुर, गांधी मैदान, सूर्यकुंड सहित अनेक स्थानों पर अयोध्या के कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने एलईडी पर देखा।

केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण 24 को

मंडला यशो:- माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु नियुक्त केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षा आयोजन से संबंधित प्रशिक्षण 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडला में आयोजित किया गया है। सर्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

श्री रामलला स्वरूप मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर स पूर्ण जिले में रहा उत्सव का माहौल

सिवनी यशो:- अयोध्या में श्री रामलला स्वरूप मूर्ति के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर स पूर्ण जिले में उत्सव का माहौल रहा। प्रात:काल से ही ग्रामों एवं नगरों में आमजनों द्वारा राम नाम जयकारों के साथ प्रभात फेरी एवं शोभा यात्रा निकाली तथा जिले के सभी मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी परिपेक्ष्य में स पूर्ण जिले के साथ जिला मु यालय स्थित प्राचीन मठ मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर अयोध्या से प्रसारित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को सभी धर्मालंबियों, आम जनमानस द्वारा देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, राकेश पाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति है।

श्री आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवम सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गइ

छपारा यशो:- गत दो दिवस से नगर के विद्यालय श्री आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा में राम लला प्राण प्रतिष्ठा मे कार्यक्रम के चलते सोमवार को राम,लक्षमण, सीता,हनुमान, रावण आदि राम चरित्र मानस पर आधारित झांकी बनाई गयी एवं राम के जन्म से लेकर राजतिलक तक के कार्यक्रम को बच्चो नाट्य मंच के माध्यम से बहुत ही खूबसूरत ढंग से मंचन किया।

साथ ही सभी आचार्य परिवार के द्वारा 1100 सौ दीप प्रज्वलित किए गए तत् पश्चात सामूहिक आरती की गई एवम प्रसाद वितरण किया गया। वही मंगलवार को देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस जयंती की मनाई गई उक्त कार्यक्रम में मु य अतिथि नीता पटेरिया संस्था अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि बाबू लाल अग्रवाल उपाध्यक्ष, सुनील दत्त पाठक व्यवस्थापक, सोहन कश्यप सदस्य, महताप सिंह, एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे जिनमें से पूर्व छात्रा सुश्री आयुषी पांचपांडे एस.डी.ओ.भी उपस्थित रहीं उन्होने अपने अपने उद्बोधन में अपनी सफलता के लिए प्रारंभिक शिक्षा के शिक्षकों को दिया और विद्यालय को संस्कारों की जननी कहा संस्था के अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक ने भी उद्बोधन दिया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मे शिक्षक सीमा रानी नामदेव,वर्षा राजपूत, भारती सौन्धिया, कंचन चंचल, ऋतुका परिहार, स्वाति सुपलभक्त, कनक पाठक, रिचा चौहान, मंजु वर्मा, रेशमा खान, नीतू सेन,प्रिया आरसे, पूर्व आचार्या ममता भलावी,श्यामवती सिलोतिया, सावित्री धुर्वे,घनश्याम चंद्रवंशी, आशीष बरमैया, प्रशांत तिवारी, के.के. तिवारी, द्रोपद धुर्वे एवं अन्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे। साथ ही प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार शिववेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा आज का दिन - संपतिया उइके

पीएचई मंत्री ने की विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता

मंडला यशो:- श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पीएचई मंत्री ने पड़ावा राम मंदिर के कार्यक्रमों तथा वाहन रैली में सहभागिता की। संपतिया उइके सराफा बाजार स्थित राम मंदिर, सिंधी धर्मशाला, कृषि उपज मंडी के हनुमान मंदिर, शोभायात्रा, जिला पंचायत के पास हनुमान मंदिर, ग्राम सुरखी में आयोजित कार्यक्रम तथा हनुमान लला समिति द्वारा आयोजित 3 हजार लोगों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि वह सनातन के प्रतीक भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रही है। आज का दिन दुनिया के पटल पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।

मप्र पटवारी संघ ने कले टर के नाम सौंपा ज्ञापन

मंडला यशो:- बुधवार को मप्र पटवारी संघ ने कले टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ जिला अध्यक्ष गोतेन्द्र गौतू बैगगी ने बताया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2024 में संलग्न ड्यूटी से मुक्त करने को लेकर कले टर के नाम ज्ञापन दिया गया है। उक्त ज्ञापन में उल्लेख है कि कार्यालय कले टर शिक्षा विभाग मण्डला के संदर्भित पत्रानुसार जिले के पटवारियों को परीक्षा केन्द्र की गोपनीय सामग्री पुलिस थाना में उपस्थित होकर प्रश्न पत्र निकलवाने परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित पहुंचाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही का पर्यवेक्षण करने हेतु केन्द्राध्यक्ष के साथ सहयोग करने हेतु आदेशित किया गया है। साथ ही परीक्षा काल तक केन्द्र में रहने हेतु निर्देशित किया गया है। चूंकि वर्तमान में पटवारियों के द्वारा केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी भू-स्वामित्व योजना, आवादी सर्वेक्षण, ग्राउण्ड ट्रुथिंग, आरओआर एन्ट्री, ने शा शुद्धिकरण, विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्यूटी, गिरदावरी जैसे प्रमुख कार्यों के साथ राजस्व महाअभियान के अंतर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन आदि अन्य कार्य भी स पादित किये जा रहे हैं। परीक्षा ड्यूटी भू-अभिलेख कार्यों से हटकर भी है जिसका कोई भी विधिक प्रशिक्षण या व्यवहारिक ज्ञान प्रदान नहीं किया गया है। परीक्षा कार्य एक विर्क्षित समयावधि में होने से इसके अतिरिक्त अन्य और कोई भी कार्य पटवारी कर पाने में असमर्थ रहेंगे जबकि पटवारी द्वारा किये जा रहे समस्त विभागीय एवं राजस्व अभियानों से संबंधित कार्य समय सीमा के अंतर्गत हैं। परीक्षा ड्यूटी में संलग्नता हमारी असमर्थता है उन्होंने कहा कि इस आदेश का विरोध करते है। मांग की है कि ऐसी परिस्थितियों में विभागीय एवं अन्य महत्वपूर्ण अभियानों के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त परीक्षा कार्य के आदेश से पटवारी वर्ग को मुक्त किया जाए।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशो:- ग्राम समनापुर निवासी रूकमणी की 1 जुलाई 2023 को डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पति अशोक को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

ग्राम कोसमी में निःशुल्क कानूनी सलाह टेलीलॉ पंजीयन शिविर आयोजित

घर बैठे निःशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध होगी

बालाघाट । नगर के समीपस्थ स्थित ग्राम पंचायत कोसमी में आयुष्मान जागरूकता पखवाडे के दौरान दिनांक 24.01.2024 दिन बुधवार को निःशुल्क कानून सलाह पंजीयन शिविर को आयोजन किया गया है। भारत सरकार के केन्द्रीय न्याय विभाग एवं राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कानूनी प्रक्रिया को आमजन तक आसानी से एवं सुगम तरीके से पहुंच जाए इसके लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की टेली-लॉ योजना के अंतर्गत जरूरतमंदो निःशुल्क कानूनी सलाह ले सकते है। जो मध्यप्रदेश के ऐ पर्ट अधिवे ताओं से मोबाईल अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। टेली-लॉ योजना में इन प्रकरणों को शामिल किया गया है जिसमें जमीन जायदाद व स पति का अधिकार, दहेज, पारिवार्रिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा से बचाव, महिला, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन यौन दुर्व्यवहार, छेड़छाड़, महिला एवं पुरूषों के लिए समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, भ्रूणहत्या रोकथाम, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल मजदूरी, बच्चों के शिक्षा के अधिकार, गिर तारी (गिर तारी के बाद की प्रक्रिया, बिना वारंट गिर तारी, जोर जबर दस्ती से गिर तारी) महिला से पूछताछ पुलिस हिरासत में यातना, एफआइआर प्रक्रिया, जमानती, गैर जमानती अपराध, जमानती प्रक्रिया, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के प्रति अत्याचार और पुर्नवास इत्यादि को शामिल गया है।

सीएससी सर्च इंफोटेक से नूतन ताम्रकार द्वारा उे त सेवा कार्य में निःशुल्क सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निःशुल्क पंजीयन के बाद हितग्राही निःशुल्क सलाह के लिए अपनी सुविधानुसार निर्धारित दिन व समय का चयन कर सकता है। राज्य स्तर पर गठित अनुपमी अश्विने ताओं के पैनल द्वारा स्वयं हितग्राही को फोन लगाया जयेगा। नागरिक मोबाईल एप्स् के माध्यम से भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। यह समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। इसके अलावा आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी।

उद्योग विभाग की अनोखी थीम नौकर नहीं मालिक बनो, अपना एक रोजगार चुनो पर बनी झांकी

स्वास्थ्य विभाग सिकलसेल अनीमिया पर तो शिक्षा विभाग स्मार्ट लास का करेगा प्रदर्शन

बालाघाट। गणतंत्र दिवस के मु य समारोह का आयोजन स्थानीय मुल्ला स्टेडियम पर किया जाएगा। यहां का ध्वजारोहण कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियां विभागों द्वारा जोरो पर की जा रही है। मु य समारोह में संदेश वाचन, ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा झांकिया भी निकाली जाएगी। इसमें 15 से अधिक विभाग विभिन्न थीम पर झांकिया बनाने में जुटे है। सोमवार को लिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने विभिन्न विभागों की झांकियों की थीम के स बंध में बैठक आयोजित की। उद्योग विभाग इस वर्ष एक अनोखी थीम पर झांकी बना रहा है। उद्योग विभाग नौकर नहीं मालिक बनो, अपना एक उद्योग चुनो की थीम पर झांकी में योजनाओं का प्रदर्शन करेगा। इसी तरह शिक्षा विभाग स्मार्ट ` लास तो स्वास्थ्य विभाग सिकलसेल अनीमिया पर झांकी प्रदर्शित करेगा। साथ ही शासकीय भवनो पर की गई रोशनी के पुरस्कार भी वितरित किये जायेंगे। इस स बंध में 26 जनवरी प्रात: 9 बजे तक सूची मांगी गई है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला की धुन पर रमा बालाघाटगली, मोहल्लें,बाजार, मंदिरों व शासकीय भवनों पर रोशनी और आंगन मेंसजी रंगोली

रामराम्पायली में सूर्य की पहली किरण के झरोखे से श्री बालाजी श्रीराम करते है दर्शन

बालाघाट । भगवान श्री रामलला के मनोहारी क्षण को बालाघाट ने भी सोमवार को खुब जीया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठ अयोध्या में जरूर हुई लेकिन बालाघाट भी किसी अयोध्या से कम नही सजा। यहां की गलियों, मोहल्लों, चौक बाजार शासकीय भवनों व मंदिरों पर बिखरी रोशनी ने दिवाली सा अहसास कराया। नगर के कई चौक चौराहों व मंदिरों की रोशनी मुसाफिरों को प्रभावित भी की। कालीपुतली चौक पर श्रीराम मंदिर के मंडल ने पूरे शहर वासियों और यात्रियों को आकर्षित किया। इसी तरह गली मोहल्लों में भी छोटी-छोटी दुकानों व घरो पर जगमगाती सीरीज व आंगन में सजी रंगोली ने वास्तव भगवान श्रीराम के आगमन पर प्रति वर्ष मनाई जाने वाली दिवाली सा अहसास कराया। प्राण प्रतिष्ठा के समय से पूर्व नगर सहित जिले के अन्य मंदिरों में रामधुन, भजन, प्रसादी, आरती, पूजा अर्चना और भंडारे की तैयारियों की गई। कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा भी नगर के हनुमान मंदिर जाकर आम नागरिकों के बीच बैठकर कर राम आराधना में डूबे। उन्होंने ने भी भजन में रामधुन में रमते दिखाई पड़े। यहां उन्होंने दर्शन करते हुए हाथों पर रक्षाकवच बंधाया और प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण भी देखा। साथ में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने भी दर्शन करते हुए शामिल हुए।सूर्य की पहली किरण का दर्शन करते है बालाजीवाल्मीकि रामवण में वर्णित रामपायली गांव स्थित बालाजी श्री राम मंदिर में भी अद्भुत आयोजन हुआ। रामपायली के विषय मे कहा जाता है कि प्रभु श्रीराम लक्ष्मण और माता सीता वनवास के समय मे दंडकारण्य वन जाते समय यहां रुके थे। इस अवसर को कई धर्मग्रंथों में भी बताया गया है। इसी कारण गांव का नाम राम पदावली और फिर रामपायली हुआ। इस कारण मंदिर का विशेष महत्व बढ़ गया है। इस दृष्टिसे यहां के अयोजन का विशेष महत्व भी है। यहां सुबह से गांव वासियों के दर्शन की क्रिया शुरू हुई। इस मंदिर में बालाजी श्रीराम की काष्ठ प्रतिमा स्थापित है। वारासिवनी से मात्र 15 किमी. दूरी पर स्थित रामपायली गांव के मंदिर कि एक विशेषता यह भी बताई जाती है और साथ ही सश्वात दर्शन भी किये जा सकते है, कि मंदिर के पूर्व में एक झरोखा बना है यहां से सूर्य की पहली किरण शिवलिंग पर पड़ती है और इस अलौकिक घटना का भगवान बालाजी श्रीराम भी दर्शन करते है।पौराकों के लिए कभी बनारस से लाया जाता था कपड़ारामपायली के मंदिर में बालाजी श्रीराम की प्रतिमा सहित लक्ष्मण, महा सीता, हनुमान और माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापित है। इन सभी प्रतिमाओं पर चढ़ने वाली पौशाके बनाने के लिए कगैब सौ वर्ष पूर्व बनारस से कपड़ा लाया जाता था। इसके बाद नागपुर व गोंदिया से जरीवाला कपड़ा लाया जाता रहा है। इन दिनों पौशाक के लिए कपड़ा लेने के लिए पटवारी और ट्रस्ट व मंदि के महंत व पुजारी श्री रविदास व परमेश्वरदास वैष्णव जाते है। मंदिर के पुजारी श्री रविशंकर दास वैष्णव बतते है कि भगवान को नए वस्त्रे पहानाकर पूजा अर्चन हुं। वर्तमान समय में रामपायली में स्थापित सभी प्रतिमाओं के लिए पौशाक बनाने का कार्य एक मुस्लिम परिवार द्वारा पिछली तीन पीढ़ियों से किया जा रहा है। वे यह कार्य करके अपने आपको गौरवान्वित भी महसूस करते है। आज प्रभु श्रीराम को नए वस्त्रे पहानाकर खा के लड्डूओ का भोग लगाया गया। इस कार्य की निगरानी प्रशासन की नजरों में हुई। तहसीलदार इमरान मंसूरी ने बताया कि यह स्थल अलौकिक स है मंदिर व प्रांगण चंदन की महक से महकता रहा। भंडारे का आयोजन भी किया गया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझागाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297